अवन्तिका–5

# मास्क न लगाने पर अभी तक 156 व्यक्तिओ को गिरफ्तार किया जाकर अस्थाई जेल भेजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

कोरोना को लेकर जारी गाइड लाइंस का उल्लंघन कर मास्क का उपयोग न कर लोक स्वास्थ्य को खतरे मे डालने वालो के विरुद्ध रतलाम पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रायः देखने मे आया है की कुछ लोग ज्ञान होने के बावजूद मास्क के उपयोग नहीं कर स्वयं व अन्य लोगो के स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है। कोविड-१९ बीमारी को द्वारा वैश्विक महामारी घोषित किया गया है एवं न्यायालय जिला दण्डाधिकारी जिला रतलाम द्वारा आदेश पारित कर रतलाम शहर मे धारा १४४ दण्ड प्रक्रिया संहिता १९७३ लागु की गई है। जिसके अंतर्गत मास्क का उपयोग व सोश्यल डिस्टेन्सिंग को अनिवार्य किया गया है। परंतु फिर भी कुछ लोगो द्वारा नियमो की अनदेखी कर मास्क व सोश्यल डिस्टेन्सिंग का पालन नहीं कर लोक स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है। इस दिशा में कठोर कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर खुली जेल में निरुद्ध करने की कार्यवाही की जा रही है।

## लापरवाही न बरतें दरोगा मोहसीन-इब्राहिम निलंबित

अवन्तिका 5-4

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक ३७ में गंदगी पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दरोगा मोहसिन इब्राहिम को निलंबित किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण-२०२१ में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-१ बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को निलंबित व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही जा रही है जिसके तहत वार्ड क्रमांक 37 के दरोगा मोहसीन-इब्राहिम को निलंबित किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार नवभारत---पृष्ठ 05 दिनांक: 5/4/2021

# लॉकडाउन : दूसरे दिन पुलिस की सख्ती ...156 को ओपन जेल



रतलाम। रविवार को दूसरे दिन भी शहर में संपूर्ण लॉकडाउन जारी रहा। रविवार को लोग बेवजह सड़कों पर निकलने से बाज नहीं आ रहे हैं। सुबह शीतला सप्तमी का पूजन करने महिलाएं भी घरों से बाहर निकलती दिखाई दी है।

लॉकडाउन को लेकर लापरवाही करने वाले लोगों को नसीहत देने के लिए एक बार फिर पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ और शहर में अब तक 156 लोगों को हिरासत में लेकर ओपन जेल भेजा गया है। गौरतलब है कि रतलाम जिले में कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। जिसकी वजह से जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाएं भी गड़बड़ाने लगी है। लेकिन लापरवाही करने से कुछ लोग बाज नहीं आ रहे हैं।

कोरोना को लेकर जारी गाइड लाइंस का उल्लंघन कर मास्क का उपयोग न कर लोक स्वस्थ्य को खतरे मे डालने वालो के विरुद्ध रतलाम पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्राय: देखने मे आया है की कुछ लोग ज्ञान होने के बावजूद मास्क के उपयोग नहीं कर स्वयं व अन्य लोगो के स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है। जबकी कोविड -19 बीमारी को डब्लूएचओ द्वारा वैश्विक महामारी घोषित किया गया है एवं न्यायालय जिला दण्डाधिकारी जिला रतलाम द्वारा आदेश क्रमाक 4095/आर-2/एडीएम/2020 दिनांक 26.08.2020 पारित कर रतलाम शहर मे धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 लागु की गई है।

जिसके अंतर्गत मास्क का उपयोग व सोश्यल डिस्टेन्सिंग को अनिवार्य किया गया है। परंतु फिर भी कुछ लोगो द्वारा नियमो की अनदेखी कर मास्क व सोश्यल डिस्टेन्सिंग का पालन नहीं कर लोक स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है। इस दिशा मे कठोर कार्यवाही करते हुए प्रशासन व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए, मास्क का उपयोग न करने वालो को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर खुली जेल मे निरुद्ध करने की कार्यवाही की जा रही है। अब तक शहर में कार्यवाही कर कुल 156 व्यक्तिओ को गिरफ्तार किया जाकर अस्थाई जेल मे निरुद्ध किया गया है। स्टेशन रोड थाना परिसर में बनाई गई अस्थाई जेल में लापरवाही बरतने वालों को कुछ घंटे के लिए हिरासत में रखकर मास्क पहनने की शपथ दिलाने के बाद रिहा किया गया है।

नवभारत-5

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने खुद नाली साफ करके खोली सफाई की पोल, दरोगा निलंबित

रतलाम। स्वच्छता अभियान के के बडे बडे दावे करने के बाद निगम की सफाई व्यवस्था में झोल की पोल कल पूर्व नेता प्रतिपक्ष यास्मीन शैरानी ने खोली। वार्ड ३७ में दरोगा और सफाई कर्मचारियों की लापरवाही से नालिया जाम मिली तो शैरानी ने खुद ही अपने हाथों से नाली साफ करना शुरु कर दी। इसके साथ ही शिकायत सीधे कमिश्नर को की। कमिश्नर ने शिकायत पर वार्ड दरोगा मोहसीन इब्राहिम को तत्काल निलंबित कर दिया। इसके साथ ही निगम कमिश्नर ने कहा कि सफाई व्यवस्था में यदि निगम अमला लापरवाही करता है तो कड़ी कार्रवाई करेंगे।

2/5-5

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 07 दिनांक 5/4/2021

## प्रदेश • एक्टिव केस 21 हजार पार, 14 की मौत

**भोपाल** | प्रदेश में रविवार को नए संक्रमितों का आंकड़ा 4 हजार के करीब पहुंच गया। पहली बार एक ही दिन में 3966 मरीज मिले। जबकि 14 की मौत हो गई। मप्र देश में अब 8वां राज्य बन गया है, जहां सबसे तेजी से संक्रमण फैल रहा है। अब तक वह 9वें नंबर पर था। गुजरात भी अब उससे पीछे है। प्रदेश में एक्टिव केस 21715 हो गए हैं, जो 4 मई को 3308 थे।

**45 पार वालों को ही टीका–** अब 45 साल और उससे अधिक उम्र वाले लोगों को ही टीके लगाए जाएंगे। अब कोविन पोर्टल पर फ्रंटलाइन वर्कर्स और हेल्थ वर्कर्स की श्रेणी को ही हटा दिया गया है। हालांकि जिन्हें पहला टीका लग चुका है, वे 6 से 8 हफ्ते बाद दूसरा डोज ले सकेंगे।

## लॉकडाउन • पूरे प्रदेश में नहीं करेंगे : सीएम

इस बीच, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पूरे प्रदेश में लॉकडाउन नहीं रहेगा। लंबा लॉकडाउन भी नहीं होगा, सिर्फ कुछ शहरों में रविवार का लॉकडाउन है। छिंदवाड़ा और बैतूल में दो या तीन दिन का लॉकडाउन रखा है। जरूरत पड़ी तो कुछ जिलों में रविवार का लॉकडाउन बढ़ाया जा सकता है। भास्कर २

**छत्तीसगढ़ वालों को भी जांच के बाद ही प्रवेश–** महाराष्ट्र की सीमाएं सील करने के बाद अब छत्तीसगढ़ के लोगों को भी जांच के बाद ही मप्र में प्रवेश दिया जाएगा। सामान्य आवाजाही बंद रहेगी। इसके अलावा राजस्थान की सीमा से आने वालों पर भी निगरानी रखी जाएगी।

## संक्रमण बेकाबू • मप्र में 3966 नए संक्रमित, भोपाल में 547, इंदौर में 788 मरीज मिले

# रतलाम में 85 नए पॉजिटिव, दो की मौत, अप्रैल के 4 दिन में 7 ने तोड़ा दम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम जिले में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। रविवार को एक साथ 85 नए संक्रमित सामने आए हैं। इनमें बाल संप्रेक्षण गृह के दो अपचारी, वहीं जिला जेल के 5 कैदी भी शामिल हैं। इधर, अब कुल संक्रमितों का आंकड़ा 5800 के पार पहुंच गया है।

जिले में कोरोना संक्रमण बेकाबू हो चुका है। रविवार को एकसाथ 85 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। संक्रमितों में 7 साल के बच्चे से लेकर 84 साल के बुजुर्ग भी शामिल हैं। जेल के सभी कैदी 1 से 4 अप्रैल के बीच जेल में गए थे। उन्हें अलग कमरे में रखा गया था। बाल संप्रेक्षण गृह के अपचारी और जेल के कैदी को मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा है। जिले में अब कुल संक्रमित की संख्या 5842 हो गई है।

**जिले में अब तक 99 मौत–** इधर, जिले में कोरोना से मौत का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है। रविवार को दो लोगों ने दम तोड़ दिया। तेजा नगर की 69 साल की महिला और लोहार रोड की 70 साल की महिला की मौत हो गई। जिले में अप्रैल महीने के 4 दिन में 7 लोग दम तोड़ चुके हैं।

**अभी वक्त है संभल जाओ...** भक्तन की बावड़ी श्मशान फुल, चिता जलाने के लिए भी करना पड़ा इंतजार



**यह तस्वीर बड़ा संदेश दे रही है...** अब भी वक्त है संभल जाओ। रविवार को भक्तन की बावड़ी श्मशान में 6 कोरोना संदिग्ध लोगों का अंतिम संस्कार किया गया। इन शवों को मेडिकल कॉलेज से लाया गया था। अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद लोगों ने पीपीई किट पहन रखी थी। श्मशान पूरी तरह फुल हो गया, ऐसे में कुछ लोगों को इंतजार भी करना पड़ा। श्मशान के कर्मचारियों ने बताया 1 अप्रैल के बाद से शव की संख्या लगातार बढ़ रही है। भास्कर २

हर दिन लगभग 80 मरीज आ रहे सामने, सड़कों पर घूमने वालों को रोक चालानी कार्रवाई

# 52 घंटे का टोटल लॉकडाउन छूटा, अब मास्क- डिस्टेंस से रखना नाता

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में बेकाबू हुए कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार के बीच दो दिन तक शहरवासियों को परेशानियों में लॉक ही करना पड़ा। लॉकडाउन के चलते सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को भी जिन्हें रतलाम के बाहर जाना था या फिर जो लोग बाहर से आए थे। जाने वाले लोगों के लिए बस से नहीं थी और रेलवे स्टेशन पहुंचे यात्रियों को पैदल आना पड़ रहा था। बीते दो दिनों की परेशानियों के बाद आज राहत का सोमवार रहेगा जिसमें लोग घरों से बाहर निकाल जरूरत का सामान खरीद सकेंगे।

## यात्रियों को हुई परेशानी

लॉकडाउन के दौरान यात्री बसों का परिवहन अचानक से बंद किए जाने से सबसे ज्यादा परेशानी शहर से बाहर जाने वाले उन यात्रियों को होने लगी है जिन्हें अपने गंतव्य तक जाने के लिए ट्रेनों का भी सहारा नहीं है। यात्री बसों के इंतजार में बस स्टैंड पहुंचे कुछ यात्री घंटों वहां बैठकर बसों का इंतजार करते रहे लेकिन वह नहीं आई जिसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बंद के दौरान राजस्थान रोडवेज की बसों की आवाजाही चालू रही।

## टीकाकरण के लिए लगी कतार

रविवार के अवकाश और लॉकडाउन के बीच बड़ी संख्या में लोग टीकाकरण के लिए केंद्रों पर पहुंचे। दरअसल 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को टीका लगाए जाने की छूट मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने आधार कार्ड लेकर टीका लगवाने के लिए केंद्रों पर पहुंचे। टीकाकरण के लिए सबसे अधिक भीड़ बाल चिकित्सालय परिसर में नजर आई। यहां दोपहर में गर्मी के बीच लोग कतार में बैठकर अपने नंबर का इंतजार करते रहे। जिस स्थान पर टीकाकरण के लिए आए लोगों को बिठाया गया था, वहां लगे 10 पंखों में से सिर्फ एक ही चालू था शेष बंद पड़े थे।


वैक्सीन लगवाने के लिए बाल चिकित्सालय में कतारबद्ध होकर बैठे लोग।


कालिका माता अन्न क्षेत्र में भोजन के लिए लगी कतार।

## चालान बनाएं और धूप में खड़ा रखा

लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करते हुए शहर की सड़कों पर बेवजह घूमने वाले वाहन चालकों को रोक पुलिस ने उन पर कार्रवाई की। जगह जगह मौजूद पुलिसकर्मियों ने जब वाहन चालकों को रोक उनसे सड़क पर आने का कारण पूछा तो कोई कुछ बहाना तो बनाता नजर आ तो कोई कुछ और बात कहता दिखाई दिया। पुलिस के सामने झूठ पकड़ा जाने पर पुलिस ने उक्त वाहन चालकों के चालान बनाए और उन्हें अस्थाई जेल में रखा। कुछ स्थानों पर तो सड़क किनारे ही लोग खड़े नजर आए।

## अन्न क्षेत्र में लगी कतार

शहर में बीते 2 दिनों से लॉकडाउन के चलते सड़क पर रात गुजारने वाले लोगों की सबसे ज्यादा फजीहत हुई है। ऐसे लोग खाने की तलाश में कालिका माता परिसर स्थित अन्य क्षेत्र पहुंचे तो वहां पर खाना लेने वालों की लंबी कतार लग गई। भूखे लोगों के चेहरों पर उस समय मुस्कान आ गई जब हाथ में अन्न आ गया जिसे पाकर वहां आए लोग कतार से हटकर एक तरफ जाकर बैठ भोजन करते नजर आए।

# रतलाम में कोरोना से अब तक 99 मौत, शहर के मुक्तिधाम में इंतजार

## एक दिन में 15 का शवों का हुआ अंतिम संस्कार

रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार के बीच मौत का आंकड़ा भी बढ़ता नजर आ रहा है। लगातार हो रही मौतों के चलते मुक्तिधाम में जगह भी अब कम पड़ने लगी है। जिले में कोरोना से मौत का आंकड़ा अब 99 पर पहुंच गया है। रविवार को आई रिपोर्ट में दो और मौत की पुष्टि हुई है। इसके अतिरिक्त 85 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। इसके साथ ही जिले में मरीजों की संख्या बढ़कर अब 5842 पहुंच गई है।

लगातार हो रही मौतों के बाद अब शहर के मुक्तिधाम भी हाउसफुल हो गए हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को शहर के भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम में देखने को मिला जहां सुबह से शाम तक सात शव का अंतिम संस्कार किया गया। बड़ी बात यह है कि जिन शवों का अंतिम संस्कार किया गया उनमें से अधिकांश कोरोना संदिग्ध होना बताए जा रहे हैं, हालांकि इसकी पुष्टि कोई नहीं कर रहा है। शहर के तीनों मुक्तिधाम में इस दिन कुल 15 शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

## लोगों में चिंता

शहर के मुक्तिधाम में एक साथ चिताएं जल्दी देख हर कोई दंग रह गया। दरअसल बीते कुछ दिनों से शहर के मुक्तिधामो की चर्चा पूरे शहर में चल रही है कि हर दिन यहां पर बड़ी संख्या में शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। दरअसल मुक्तिधाम के आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने भी पहले कभी कुछ समय के अंतराल में एक साथ इतने शव का अंतिम संस्कार होते नहीं देखा।

## यहां 4-4 शवों का अंतिम संस्कार हुआ

शहर के जवाहर नगर और त्रिवेणी मुक्तिधाम पर रविवार को चार-चार शवों का अंतिम संस्कार किया गया। हालांकि इन दोनों मुक्तिधाम पर जिन शवों का अंतिम संस्कार हुआ है, वह कोरोना संदिग्ध नहीं थे लेकिन बीते कुछ दिनों से शहर में जिस तरह से कोरोना संक्रमण फैल रहा है, उसे देख जहां भी किसी व्यक्ति की मौत होती है तो पहली चर्चा यही रहती है कि मौत कहीं कोरोना से तो नहीं हुई।

## डीजल के लिए भटका शव वाहन

प्रशासनिक आदेशों को लेकर हर दिन किसी न किसी तरह की परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा पेट्रोल पंपों को बंद कराए जाने पर कुछ पंप संचालकों ने तो ईमानदारी दिखाकर बंद कर दिया लेकिन पुलिस के अपने पेट्रोल पंप सहित शहर के कुछ अन्य पेट्रोल पंप चालू नजर आए। प्रशासन के इस आदेश के चलते एक शव वाहन भी पंप बंद होने से डीजल के लिए इधर-उधर भटकता रहा।

पत्रिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया पृष्ठ 08 दिनांक 5/4/2021

# निजी अस्पतालों में होगा कोरोना संदिग्धों का उपचार

## कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश, प्रतिदिन देना होगी मरीजों की जानकारी, गाइड लाइन का पालन करना जरूरी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना मरीजों के लगातार बढ़ने व संक्रमण की गंभीरता को देखते हुए अब निजी अस्पतालों में भी कोरोना संदिग्धों का उपचार किया जाएगा। इसके लिए तय गाइडलाइन का पालन अस्पताल संचालकों को करना होगा। रविवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने शहर के सभी निजी अस्पतालों/नर्सिंगहोम के संचालकों/डाक्टरों की बैठक में यह निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभागृह में आयोजित बैठक में एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे, एसडीएम मनीषा वास्कले, एपिडिमियोलाजिस्ट डा. गौरव बोरीवाल व डीएमओ प्रमोद प्रजापति भी मौजूद रहे। मालूम हो कि गत दिनों अस्सी फीट रोड स्थित जीवांश हास्पिटल में कोरोना मरीज का अनाधिकृत रूप से इलाज करने के मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएमएचओ ने हास्पिटल संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है। इसके बाद समाजसेवी महेंद्र गादिया ने कलेक्टर को पत्र लिख निजी अस्पतालों में कोरोना संदिग्धों के उपचार के लिए व्यवस्था तय



रतलाम के दो बत्ती क्षेत्र में पसरा रहा सन्नाटा। • नईदुनिया



बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड। • नईदुनिया



राम मंदिर क्षेत्र में बेवजह घूमने पर रोक-टोक करते हुए पुलिसकर्मी। • नईदुनिया



### अस्पताल में करना होंगे यह इंतजाम

- अस्पताल में संदिग्ध कोविड मरीजों के लिये अलग से आइसोलेशन रूम, स्टाफ एवं आने-जाने का रास्ता होना आवश्यक होगा।
- निजी संस्था द्वारा किसी मरीज को इंदौर रैफर करने से पहले वहां पर संबंधित अस्पताल में बेड रिजर्व करने के बाद ही ... जाए। ताकि गंभीर कोविड मरीजों की वृद्धि को रोका जा सके।
- निजी सभी संस्थाओं में संदिग्ध कोविड मरीजों की जांच पूर्व में रैपिड एंटीजन द्वारा की जाए। यदि यह मरीज निगेटिव पाया जाता है तो आरटीपीसीआर जांच कराएं। मरीजों की जांच के लिए आरटीपीसीआर के माध्यम से समन्वय

### लक्षण दिखाई देने पर तत्काल जांच करवाएं



- महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष डा. प्रदीप जैन ने बताया कि कोरोना का यह दौर पहले से ज्यादा खतरनाक और गंभीर है, इसलिए अति आवश्यक



- कोरोना संक्रमण को अगर रोकना है तो हमें पूरी सावधानी बरतनी पड़ेगी। मास्क पहनने के साथ दो गज की दूरी का पालन करना जरूरी है।

– राम नरेश शर्मा, प्राचार्य, महावीर उच्चतर माध्यमिक आलोट

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण—पृष्ठ 5.....दिनांक 5/4/.....2021

# लॉक डाउन के दौरान रविवार को भी सड़कों पर रहा सन्नाटा



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

रविवार को भी सन्नाटे का माहौल रहा। यहां शुक्रवार को रंगपंचमी के कारण सभी प्रमुख बाजार बंद रहे, शनिवार और रविवार को कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा की गई तालाबंदी के कारण सभी बाजार बंद रहे। सड़कों पर इक्का-दुक्का लोगों की आवाजाही के अलावा कोई नजर नहीं आ रहा था। केवल दवाई की दुकानें ही थोड़ी बहुत खुली रही, बाकी दवाई की दुकानें आम तौर पर खुली रहती है, वह भी आज नहीं खुली। इसका कारण बताया जा रहा है कि ग्राहकी के अभाव में दवाई के दुकानदार दुकानें खोलकर क्या करें।

दो दिन की तालाबंदी में शनिवार को सरकारी कार्यालय तथा बैंकें खुली होने से थोड़ी बहुत चहल-पहल थी, लेकिन रविवार को सभी कार्यालय एवं बैंकें बंद होने से यह चहल-पहल कहीं नजर नहीं आई।

प्रशासन द्वारा सख्ती किए जाने के कारण अब हर व्यक्ति मास्क लगाकर ही घर से निकल रहा है। आज उन केंद्रों पर भीड़ नजर आई जहां पर कोरोना वैक्सीन के इंजेक्शन लगाए जा रहे थे। अब गली-मोहल्लों में भी कोरोना वैक्सीन लगाए जाने का वातावरण बन रहा है। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला-पुरुष वैक्सीन केंद्रों पर पहुंच रहे है। शासकीय एजेंसियां एवं सामाजिक संस्थाएं भी कोरोना वैक्सीन लगाने के लिए हर व्यक्ति को प्रेरित कर रही है। साथ ही यह समझाइश भी दे रहे है कि कोरोना वैक्सीन से कोई नुकसान होने वाला नहीं है, इसलिए हर व्यक्ति जो 45 वर्ष से अधिक आयु का है, वह कोरोना वैक्सीन अनिवार्य रुप से लगवाए।

जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या थमने का नाम ही नहीं ले रही है, अभी भी सरकारी अधिकृत आंकड़े स्वास्थ्य विभाग से जारी नहीं हो रहे है। अधिकृत आंकड़ों के अभाव में यह ज्ञात नहीं हो पा रहा है कि कितने मरीज शनिवार को भी संक्रमित हुए और कितने मरीज मेडिकल कॉलेज के आईसोलेशन वार्ड में भर्ती है, लेकिन यह निश्चित है कि आंकड़ों में निरंतर वृद्धि हो रही है और यह 75 से अधिक ही है।

शासन-प्रशासन कोरोना संक्रमित मरीजों के बढ़ते आंकड़ों के साथ ही संक्रमण के कारण मृत्यु का शिकार हो रहे लोगों के प्रति चिंता जाहिर कर रहे है, लेकिन उपचार की दृष्टि से जो कड़े प्रबंध होना चाहिए वह नजर नहीं आ रहे है, जिसके कारण लोगों में उपचार व्यवस्था के प्रति असंतोष नजर आ रहा है।

## मास्क का उपयोग न करने पर अभी तक 156 व्यक्तिओं को गिरफ्तार किया जाकर अस्थाई जेल में निरुद्ध किया

रतलाम। कोरोना को लेकर जारी गाइड लाइंस का उल्लंघन कर मास्क का उपयोग न कर लोक स्वस्थ्य को खतरे मे डालने वालो के विरुद्ध रतलाम पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्राय: देखने मे आया है कि कुछ लोग ज्ञान होने के बावजूद मास्क के उपयोग नहीं कर स्वयं व अन्य लोगो के स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है, जबकी कोविड-19 बीमारी को वैश्विक महामारी घोषित किया गया है एवं न्यायालय जिला दण्डाधिकारी जिला रतलाम द्वारा आदेश क्रमांक 4095/आर-2/एडीएम/2020 दिनांक 26.08.2020 पारित कर रतलाम शहर मे धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 लागु की गई है, जिसके अंतर्गत मास्क का उपयोग व सोश्यल डिस्टेंसिंग को अनिवार्य किया गया है, परंतु फिर भी कुछ लोगो द्वारा नियमो की अनदेखी कर मास्क व सोश्यल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर लोक स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है। इस दिशा मे कठोर कार्यवाही करते हुए प्रशासन व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मास्क का उपयोग न करने वालो को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर खुली जेल मे निरुद्ध करने की कार्यवाही की जा रही है। आज दिनांक तक रतलाम शहर मे कार्यवाही कर कुल 156 व्यक्तिओं को गिरफ्तार किया जाकर अस्थाई जेल मे निरुद्ध किया गया है, जो कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। प्रसारण-5

बैठक में कोविड आपदा से निपटन के लिए सभी निजी चिकित्सकों को कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी निजी संस्थाओं में जांच कराने आए मरीजो जिनमें आइएलआइ (तीव्र श्वसन का संक्रमण, तेज बुखार, सर्दी, जुखाम, पिछले 10 दिनो में शुरुआत के साथ) सांस लेने में तकलीफ, अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता हो तो ऐसे मरीजों की जानकारी प्रतिदिन गुगल शीट पर दर्ज कर ग्रुप में भी दें ताकि लक्षण वाले सभी मरीजो की तत्काल पहचान कर उन्हें आइसोलेट, टेस्ट और ट्रीटमेंट दिया जा सके। सभी मरीजो का आक्सीजन सेचुरेशन अनिवार्य रूप से चेक कर प्रपत्र में दर्ज किया जाए। जिन मरीजों का एसपीओ-2 नब्बे प्रतिशित से कम हो उन्हें तत्काल कोविड़ अस्पताल में रैफर करें। यदि निजी संस्था में किसी कोविड संक्रमित मरीज का उपचार किया जाता है तो पूर्णतः स्वस्थ होने के पश्चात ही डिस्चार्ज करें। उपचार में कोविड गाइडलाइन का पालन किया जाए।



- कोविड वैक्सीनेशन को अत्यधिक बढ़ावा देकर शत प्रतिशत वैक्सीन लगवाई स्थापित किया जाए।

होने पर ही घर से से बाहर निकलें। मास्क लगाएं। शारीरिक दूरी का पालन करें और हाथों को बार-बार सैनिटाइज करें। प्रारंभिक लक्षण जैसे गले में खराश, हल्का बुखार, सर दर्द, पीठ या कमर में दर्द होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर कोविड की जांच करवाएं। समन्वय की कमी के कारण जांच रिपोर्ट रतलाम में तीन से चार दिन बाद फोन पर बताई जा रही है, जिसके कारण इतने दिनों में मरीज के गंभीर होने की संभावना रहती है। साथ ही मरीज कई अन्य व्यक्तियों को भी कोरोना से संक्रमित कर देता है। ऐसे में आवश्यक है कि प्रारंभिक लक्षण के बाद जांच रिपोर्ट का इंतजार नहीं करें और तुरंत ही चिकित्सक से उचित सलाह लेकर प्रारंभिक इलाज प्रारंभ करें।



- ...कोरोना के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए शासन व स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है, लेकिन इससे बचने के लिए हमें भी शासन-प्रशासन को पूर्ण सहयोग देना चाहिए।

–डा. अब्दुल कादिर, प्रभारी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, आलोट

# संक्रमण रोकने के लिए मास्क पहनें, वैक्सीन लगवाएं

रतलाम। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए वैक्सीन आने के बावजूद टीकाकरण कराने वालों की संख्या कम है। जिले की करीब 16 लाख की आबादी में 45 से अधिक की उम्र वालों की संख्या 8 लाख से ज्यादा है। 16 जनवरी को टीकाकरण प्रारंभ होने के बाद से अभी तक सिर्फ 67900 टीके ही लगे हैं। ऐसे में टीकाकरण को गति देने की आवश्यकता है।

शहर सहित जिले के सभी केंद्रों पर अवकाश के दिन भी टीके लगाए जा रहे हैं। रविवार को 2633 लोगों को टीके लगाए गए। सोमवार से शहर में केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। शहर में नौ शासकीय संस्थाओं व तीन निजी हास्पिटल सहित जिले में कुल 21 केंद्रों पर टीके लगेंगे। 5500 टीकों की एक खेप रविवार रात जिले को मिल गई है। टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने बताया कि टीका सुरक्षित है। 45 या इससे अधिक की उम्र वाले लोग टीका लगवा सकते हैं।

### आसान है टीका लगवाना

अपने निकटस्थ केंद्र पर जाकर सिर्फ जन्म तारीख दर्शाने वाली आइडी लेकर जाना है। आइडी से आनस्पाट पंजीयन कर टीका लगवा सकते हैं।

### इन 21 केंद्रों पर होगा टीकाकरण

सोमवार को रतलाम में पुराना कलेक्टोरेट, बाल चिकित्सालय, घटला कालोनी रतलाम, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जवाहर नगर कम्युनिटी हाल, मेडिकल कालेज रतलाम, आयुष हास्पिटल त्रिपोलिया गेट, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, गुरु नानक भवन मोहन नगर, सीवीसी प्राइवेट श्रद्धा हास्पिटल काटजू नगर, आरोग्यम हास्पिटल कालेज रोड, जीडी हास्पिटल 80 फीट रोड पर जबकि जिले में सिविल हास्पिटल आलोट व जावरा, सीएचसी पिपलौदा, सैलाना, नामली, पीएचसी बांगरोद, बिलपांक, बिरमावल, रावटी में टीकाकरण किया जाएगा।

### 85 नए मरीज मिले, दो की मौत

रविवार को 85 नए संक्रमित केस सामने आए और दो की मौत हुई। अब तक कुल 5842 मरीज सामने आ चुके हैं और 99 की मौत हो चुकी है। 5061 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में एक्टिव मरीजों की संख्या 682 है। रविवार को पाजिटिव आए केस में जिला जेल के पांच कैदी और बाल संप्रेक्षण गृह के दो बाल अपचारी भी शामिल हैं।

### लाकडाउन खत्म, लापरवाही न करें

शुक्रवार रात 10 बजे से लगा टोटल लाकडाउन सोमवार सुबह छह बजे खत्म हो गया। आज बाजार खुलने के साथ ही भीड़ बढ़ने की संभावना है। फिर से लाकडाउन न लगे, इसके लिए कोरोना गाइडलाइन का पालन करना जरूरी है। रविवार को भी कुछ लोगों द्वारा नियमो की अनदेखी की। मास्क नहीं पहनने वालों को प्रशासन ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अंतर्गत गिरफ्तार कर खुली जेल में रखा। दो दिन में 156 लोगों को खुली जेल में रखकर नियमों के पालन की समझाइश दी गई।

## अजाक्स ने किया मास्क का वितरण



बिलपांक में मास्क का वितरण करते हुए अजाक्स जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी।

रतलाम। मप्र अजाक्स द्वारा ग्राम बिलपांक में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की याद में मास्क वितरित किए गए। वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष राहुल निधाने अतिथि थे। अध्यक्षता अजाक्स जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी ने की। जिला सचिव शैलेंद्रसिंह भिड़े विशेष अतिथि थे। बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बद्रीलाल परमार, मुकेश खरे, नाथूलाल गामड़, राहुल बिड़ावन, वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश मंत्री शंकरलाल बुगले आदि युवा उपस्थित थे। संचालन रमेश कटारिया ने किया। आभार राजेंद्र चौहान ने माना।

## बेवजह घर से बाहर निकलना बंद करने पर ही रह पाएंगे सुरक्षित



- वर्तमान समय में स्वस्थ रहने सबसे बड़ी दौलत है। जान है तो जहान है। शासन-प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। नागरिकों को भी इसमें सहयोग देना चाहिए।

– प्रीति गोठवाला, शिक्षिका



- जिले में कोरोना का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। बाजार में लोग अभी भी लापरवाही बरत रहे हैं। शासन-प्रशासन को कोरोना की चेन तोड़ने के लिए सख्त कदम उठाना चाहिए।

– डा. रेखा विमल गुप्ता, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग



- हमें बहुत ही मुश्किल से मनुष्य जीवन मिला है। महामारी के दौर में बेवजह घर से बाहर निकलना बंद करने से ही स्वयं व दूसरे सुरक्षित रह पाएंगे।

–डा. पीएन डांगी, जनरल फिजिशियन



- कोरोना संक्रमण से बचना है तो मास्क पहनने में लापरवाही न बरतें। बाजार में भीड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें व एक-दूसरे से बात करते समय दो गज की दूरी का पालन करें।

–कृष्णवल्लभ शर्मा, सेवानिवृत्त स्वास्थ्य अधिकारी, शेरपुर



- जब घर से निकलें तो मास्क जरूर पहनें। अगर हमने कुछ सावधानी रख ली तो निश्चित तौर पर इस बीमारी से स्वयं के साथ दूसरों को भी बचा सकेंगे। कोरोना को देखते हुए लापरवाही भारी पड़ सकती है। –बाबूलाल शर्मा, शासकीय उमावि पिपलौदा

२६/४/२१ ... 08 ... ३/५/२१

## वार्ड दारोगा निलंबित

रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया का वार्डों में निरीक्षण कार्य जारी है। निरीक्षण के दौरान वार्ड नंबर 37 में गंदगी मिलने पर वार्ड दारोगा मोहसीन इब्राहित को निलंबित कर दिया। बता दे कि आयुक्त झारिया प्रतिदिन सुबह 5 बजे से लेकर 9 बजे तक शहर में वार्डो में निरीक्षण करते है। इस दौरान काम से नदारत रहने वाले या गंदगी पाए जाने कर्मचारियों के वेतन काटने से लेकर निलंबन की कार्रवाई की जाती है।

## मास्क का उपयोग न करने वाले 156 लोगों पर कार्रवाई

रतलाम. मास्क के उपयोग नहीं कर स्वयं व अन्य लोगो के स्वस्थय को खतरे मे डालने वाले 156 लोगो पर लॉक डाउन के दौरान पुलिस ने कार्रवाई की है। धारा 144 लागू कर मास्क लगाना अनिवार्य करना बाद भी कुछ लोगो द्वारा नियमो की अदेखी कर मस्का व सोश्यल डिस्टेन्सिंग का पालन नहीं कर लोक स्वस्थ्य को खतरे मे डाल रहे है। ऐसे लोगो पर कठोर कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए, मास्क का उपयोग न करने वालो को दंड प्रकि या संहिता की धारा 151 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर खुली जेल मे निरुद्ध करने की कार्यवाही की गई। इस प्रकार अब तक रतलाम शहर मे कार्यवाही कर 156 व्यक्तिओ को गिरफ्तार किया जाकर अस्थाई जेल मे निरुद्ध किया गया है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार- दै.भास्कर --पृष्ठ 02 ...दिनांक 5/4/...2021

# दूसरी लहर का पहला दो दिनी लॉकडाउन खत्म : संक्रमण की रफ्तार को देखकर लेंगे आगे फैसला, फिलहाल वैक्सीनेशन पर जोर, 8 सेंटर बढ़ाए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना को रोकने के लिए दूसरी लहर का पहला दो दिनी लॉकडाउन खत्म हो चुका है। सरकारी अमले की सख्ती के चलते रविवार को शहरवासियों घर में ही रहे। अगली बार लॉकडाउन दो दिन का होगा या एक दिन का इसका फैसला संक्रमण की रफ्तार को देखकर लिया जाएगा।

फिलहाल प्रशासन का सारा जोर वैक्सीनेशन पर है। तेजी लाने के लिए जिले में 8 सेंटर और बढ़ा दिए हैं। सोमवार से 21 केंद्र पर टीके लगाए जाएंगे। वैक्सीनेशन की शुरुआत 16 जनवरी से हुई थी। रविवार तक जिले के 67900 का टीकाकरण हो चुका है। इसमें 58142 को पहला, जबकि 9758 को दूसरा डोज लगाया जा चुका है।

## विधायक काश्यप की पहल पर सिटी में दो और केंद्र बढ़ाए गए



सोमवार से सागोद रोड पर काश्यप सभागृह में भी वैक्सीनेशन शुरू होगा। यहां सफाई की गई।

वैक्सीनेशन के लिए विधायक चेतन्य काश्यप की पहल पर स्वास्थ्य विभाग ने सिटी में दो और केंद्र बढ़ाए हैं। इनमें विरियाखेड़ी स्थित श्री गुरुनानक सिंधु भवन संत कंवरराम सिंधु नगर और बाजना बस स्टैंड स्थित काश्यप सभागृह है। मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने बताया सोमवार से दोनों केंद्रों पर सुबह 9 से शाम 5 बजे तक वैक्सीनेशन किया जाएगा। उधर नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया ने भी निगम अमले को निर्देश जारी किए है कि जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई, वे जल्द से जल्द लगवा लें।

## आज हमारे जिले के इन केंद्रों पर किया जाएगा टीकाकरण

सिविल हॉस्पिटल आलोट, जावरा, सीएचसी पिपलौदा, सैलाना, नामली, पीएचसी बांगरोद, बिलपांक, बिरमावल, रावटी, रतलाम में पुराना कलेक्ट्रेट, बाल चिकित्सालय, घटला कॉलोनी, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल, मेडिकल कॉलेज, आयुष हॉस्पिटल त्रिपोलिया गेट, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, गुरु नानक भवन मोहन नगर, सीबीसी प्राइवेट श्रद्धा हॉस्पिटल काटजू नगर, आरोग्य हॉस्पिटल कॉलेज रोड, जीडी हॉस्पिटल 80 फीट रोड।

## जागरुकता का कर रहे प्रयास

प्रशासन वैक्सीनेशन बढ़ाने के लिए अपने स्तर पर जागरुकता फैलाने का प्रयास कर रहा है ताकि अधिकाधिक डोज लगाए जा सकें।

## वैक्सीन वाइस डिटेल

| वैक्सीन | पहला डोज | दूसरा डोज | कुल |
|---|---|---|---|
| कोविशिल्ड | 53370 | 7865 | 61235 |
| कोवैक्सीन | 4772 | 1893 | 6665 |

**आज 6880 को टीका लगाने का टारगेट**

जिले में सोमवार को 6880 को टीका लगाने का टारगेट है। अब तक जिले में 13 सेंटर पर टीकाकरण किया जा रहा था। सोमवार से 21 केंद्रों पर होगा। इसमें से 8 जगह को-वैक्सीन, जबकि 13 जगह कोविशील्ड वैक्सीन लगाई जाएगी। रविवार को 2633 को टीके लगाए गए। इनमें 2569 को पहला, जबकि 64 को दूसरा डोज लगाया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण----पृष्ठ 01....दिनांक 5/4/.....2021

## नगर के सभी 49 जीरो वेस्ट वार्डों में घर-घर से किया जा रहा है कचरा एकत्रीकरण

# नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता में रतलाम नगर बनेगा नम्बर-1

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है, जिसके तहत स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी किया जा रहा है, इस कार्य में रतलाम नगर के नागरिक भी जागरूक हो चुके नागरिकों के सहयोग से ही रतलाम नगर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नम्बर 1 बनेगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाए जाने से वार्डों की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है। नागरिक भी प्रातः अपने घरों, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वयं गीले एवं सूखे कचरे पृथक्करण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है, इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पूरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है, जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई. ई. सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरों पर जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला।

संग्रहित किए गए सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरों एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जाएगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाएं अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिए अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डों में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिए निगम द्वारा एप्रीन, ग्लव्स, मास्क आदि उपलब्ध कराए गए है। इन्हें वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन, इसलिए 50 माईक्रोन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है, इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन-कौन करता है। सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जाए।

## वार्ड 37 में गंदगी पाए जाने पर दरोगा मोहसीन-इब्राहिम निलंबित

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 37 में गंदगी पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दरोगा मोहसिन इब्राहिम को निलंबित किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाए जाने पर संबंधितों को निलंबित व सेवा से बर्खास्त किए जाने की कार्यवाही जा रही है, जिसके तहत वार्ड क्रमांक 37 के दरोगा मोहसीन-इब्राहिम को निलंबित किया गया। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है, वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें, यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाए जाने पर संबंधितों को निलंबित व सेवा से बर्खास्त किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।